## महत्वपूर्ण एवं खास

### सिरसा समपार फाटक 31 अगस्त से बंद

**रायपुर (आरएनएस)।** मानव सहित समपार फाटक नम्बर 439 (सिरसा गेट) को आर यू बी निर्माण कार्य 31 अगस्त को पूर्ण होने के पश्चात बंद किया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मानव सहित समपार फाटक नम्बर 439 (सिरसा गेट ) में आर यू. बी. (रोड अंडर ब्रिज) का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य रेल विभाग एवं प्रदेश प्रशासन छ.ग. कॉस्ट शेयरिंग बेसिस पर रेलवे द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। तत्कालिन कलेक्टर दुर्ग द्वारा अंडर ब्रिज बनने के पश्चात रेलवे मानव सहित समपार फाटक नम्बर 439 (सिरसा गेट) बंद करने की अनुमति प्रदत्त की गई है। इसलिये सड़क/ पथ यातायात एवं रेल यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिरसा समपार फाटक को आरयूबी निर्माण कार्य 31 अगस्त को पूर्ण होने के पश्चात रेल विभाग द्वारा समपार फाटक 439 को बंद करना सुनिश्चित किया गया है।

### उधार की रकम को लेकर मारपीट

**महासमुंद(आरएनएस)।** उधार में दिए रुपए की बात को लेकर महिला को जान से मारने की धमकी मिली है। पिथौरा पुलिस को बागड़पारा निवासी गायत्री धरेड़ पति दिलीप ने बताया कि सुबह साढ़े 6 बजे पिथौरा निवासी सुभाष अग्रवाल ने उधार के रुपए की बात को लेकर उनके घर के बाहर गाली-गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### खून से लथपथ मिली मजदूर की लाश, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के उरला थाना क्षेत्र में मजदूर की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मजदूर के साथ में रहने वाला युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बता दे कि मृतक शत्रुहन महिलांगे मुंगेली का रहने वाला था। जो अपने दोस्त के साथ बजरंग पॉवर प्लांट में काम करता था। बताया जाता है कि कल रात खाना बनाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी बाला कुर्रे ने शत्रुहन महिलांगे के सिर पर हथौड़ा से वार कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### 56 किलो गांजा के साथ 3 गांजा तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर जिले के आबकारी विभाग ने ओडिशा से आने वाली बस से 56 किलो गांजा के साथ तीन गांजा तस्कर विकास उतवार, राहुल सौदा एवं जय मेशकर निवासी मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार मूल्य 03 लाख रूपये आंकी जा रही है, संभाग में पहली बार आबकारी विभाग ने गांजा पकड़ा है। गांजा तस्करों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीकांत गायकवाड़ ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा के जैपुर में बस से 10 से 12 बोरी गांजा कुछ लोगों ने उतारा गया है, और इसी बस में बड़ी मात्रा में गांजा अभी भी रखा हुआ है। सूचना पर आबकारी विभाग की एक विशेष टीम का गठन किया गया और ओडिशा से आने वाली मनीष ट्रेवल्स बस की तलाशी ली गई। बस में सवार तीन युवकों से 56 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया। तीनों मध्यप्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

### तेंदुवा द्वारा उठा ले गए बच्चे का कुछ अवशेष आज और मिला

**गरियाबंद (आरएनएस)।** गरियाबंद वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत जिला मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर ग्राम बम्हनी में नौ वर्ष की बच्ची को मंगलवार शाम तेंदुआ उठा लेकर शिकार कर लिया । आज गुरुवार को बच्चे का अवशेष को पुलिस विभाग वन विभाग गरियाबंद द्वारा ढूंढा गया ।जानकारी के अनुसार गरियाबंद वन परिक्षेत्र का वन ग्राम बम्हनी की निवासी सुबेलाल कमार की नौ वर्षीय बालिका रानी कमार जो कक्षा तीसरी में पढ़ती थी वो लड़कीं मंगलवार के शाम को घर से लापता हो गई थी , जिसकी तलाश बच्ची के परिजनों के द्वारा बुधवार शाम तक किया गया और बच्ची का पता नही चलने से घटना की जानकारी ग्रामीणो को दिया गया । तब ग्रामीणो ने इस घटना की सूचना गुरुवार के सुबह गरियाबंद सिटीकोतवाली में दिए । घटना की जानकारी होते ही गरियाबंद पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनन्दन राठौर वन विभाग के एस डी ओ मनोज चन्द्राकर और थाना प्रभारी वेदवती दरियो अपने टीम के साथ ग्राम पहुचे और बच्चे का तलाश पूरा दिन करने के बाद बच्चे के शरीर का क्षीतविक्षित कुछ अवशेष वही के जंगल मे पाया गया बाकी शरीर के हिस्से का तलाश किया तो जिसमे शुक्रवार को बच्चे का सिर एवं हाथ मिला है ।

# जल जीवन मिशन में 318 करोड़ के कार्यों को मिल चुकी है स्वीकृति, काम जारी

» **इस वर्ष 1 लाख 43 हजार 575 घरों में नल कनेक्शन पहुंचाने का है लक्ष्य**

» **9 फ्लोराईड निवारण संयंत्र स्थापना कार्य भी है प्रगतिरत**

» **हर घर नल से जल पहुँचाने तीव्र गति से चल रहा जल जीवन मिशन का कार्य**

**रायगढ़।** जल जीवन मिशन का लक्ष्य वर्ष 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यशील घरेलु नल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। जल जीवन मिशन अंतर्गत रायगढ़ जिले में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 01 लाख 43 हजार 575 घरों में घरेलु नल कनेक्शन प्रदाय किये जाने का लक्ष्य है। इस हेतु वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2021-22 अनुमानित लागत 579.40 करोड़ रुपये तैयार की गई है। वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत 254 रेट्रोफिटिंग योजना में 84 हजार 730 घरेलु नल कनेक्शन एवं 348 नवीन सिंगल विलेज योजनाओं में 58 हजार 845 घरेलु नल कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर भीम सिंह एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन रायगढ़ के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन का कार्य तीव्र गति से प्रगतिरत है। अद्यतन रायगढ़ जिले में 234 रेट्रोफिटिंग, 90 सिंगल विलेज एवं 270 सोलर आधारित मिनी नल-जल योजनाओं में कुल 95 हजार 877 एफएचटीसी प्रदान किये जाने हेतु कुल राशि 318.92 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृतियां प्राप्त हुई है।



जिसमें से 65 रेट्रोफिटिंग, 50 सिंगल विलेज एवं 112 सोलर आधारित मिनी नलजल योजनाओं में कुल 36 हजार 55 एफएचटीसी हेतु कार्यादेश जारी कर दिया गया है। जिले के सभी विकासखण्डो में जल जीवन मिशन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। साथ ही फ्लोराईड आधिक्य से प्रभावित 9 बसाहटों में 9 फ्लोराईड निवारण संयंत्र स्थापना कार्य भी प्रगतिरत है। सतही स्त्रोत पर आधारित 06 समूह जल प्रदाय योजनाओं में सम्मिलित सभी 390 ग्रामों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 133 ग्रामों हेतु डी.पी.आर. निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रायगढ़ जिले में जल जीवन मिशन की वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2021-22 में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार ही कार्य करते हुए जिले ने माह मई, जून एवं जुलाई का लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। अद्यतन में कुल 2432 एफएचटीसी प्रदाय किया जा चुका है।

ईई पीएचई संजय सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम में परिवार स्तर पर सेवा उपलब्ध कराने, अर्थात नियमित आधार पर पर्याप्त मात्रा (55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन) और निर्धारित गुणवत्ता वाली जल आपूर्ति पर बल दिया गया है। 1 अप्रैल 2020 की स्थिति में रायगढ़ जिले में कुल 3 लाख 35 हजार 300 घर है जिसमें से 22 हजार 483 घरों में घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किया जा चुका है। वर्ष 2024 तक शेष 3 लाख 12 हजार 817 घरों में घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने हेतु जिला कार्ययोजना अनुमानित लागत 1746.13 करोड़ रुपये तैयार की गई है। जिला रायगढ़ के सभी 1407 ग्रामों को 03 समूह में बाटा गया है। पूर्ण एवं प्रगतिरत योजना वाले 254 ग्रामों को पहले समूह में रखा गया है जिसके लिए रेट्रोफिटिंग कार्य प्रस्तावित किया गया है।

दूसरे समूह के 763 ग्रामों में एकल ग्राम की योजना प्रस्तावित किया गया है जहां पर गुणवत्ता युक्त पेयजल स्त्रोत उपलब्ध है। तीसरे समूह में ऐसे 390 ग्राम जहां पर पर्याप्त पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नही है अथवा पेयजल गुणवत्ता प्रभावित है, वहां पर सतही स्त्रोत पर आधारित 06 समूह नलजल प्रदाय योजना प्रस्तावित किया गया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी के जन्म दिवस पर पुलिसकर्मियों ने ली सद्भावना की शपथ



**रायगढ़।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्मदिवस प्रतिवर्ष देशभर में ससद्भावना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के एसपी कार्यालय समेत सभी थाना, चौकियों में पुलिसकर्मियों द्वारा जाति, संप्रदाय, धर्म और भाषा का भेदभाव किए बिना भावनात्मक एकता और सद्भावना पूर्व कार्य करने तथा हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की शपथ ली गई है।

## सीताराम नेकलेक्टर को ईको फ्रेंडली गणेश की प्रतिमा भेंट की

» **कलेक्टर ने दी सीताराम को बधाई**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह को कल सीताराम देवांगन ने उनके कक्ष में जाकर ईको फ्रेडली गणेश की प्रतिमा भेंट की। कलेक्टर सिंह ने सीताराम देवांगन को ईको फ्रेडली, पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त भगवान गणेश की मूर्ति बनाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कलेक्टर सिंह ने सीताराम से मिट्टी व कागज से मिक्स बने गणेश की मूर्ति बनाने की विधि के बारे में विस्तार से जाना।



रायगढ़ शहर के पैलेस रोड निवासी शिक्षक एवं मूर्तिकार सीताराम देवांगन ने बताया कि मिट्टी व कागज से बने भगवान गणेश की मूर्ति ईको फ्रेडली एवं पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त है। जो कि वजन में हल्का है और पानी में आसानी से घुल जाएगा। मूर्ति की मजबूती अन्य मूर्तियों से अधिक है तथा खंडित होने का डर नहीं है। साथ ही मूर्ति की खुबसूरती के लिए इसमें डॉयमंड वर्क किया गया है। इस मूर्ति को महिलाएं तथा बच्चे भी आसानी से उठा सकेंगे एवं विसर्जन कर सकेंगे। सीताराम ने बताया कि पहले पेपर को भीगा कर उसमें लगे स्याही को अलग किया गया तथा उसमें खाने का गोंद एवं मिट्टी मिक्स किया गया, जिसे विजर्सन के पश्चात मछली उसे खा सकता है और कही भी किसी प्रकार से पर्यावरण प्रदूषण नहीं होगा। कोई भी श्रद्धालु अगर मिट्टी व कागज से बने ईको फ्रेडली गणेश की मूर्ति लेना चाहते है तो वे राजा फैंसी स्टोर नया गंज कोष्टापारा, रायगढ़ अथवा मोबा.98278-71634 एवं 70009-64286 में संपर्क कर सकते है।

उल्लेखनीय है कि मूर्तिकार गणेश की मनमोहक मूर्ति बनाने के लिए रसायनिक रंगों और प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग करते थे। जिससे पर्यावरणीय खतरा बना रहता था और नदियों एवं तालाबों में विसर्जन होने के पश्चात पानी भी दूषित हो जाता था। जिसके कारण मछलियां भी मरती थी। राज्य सरकार द्वारा ऐसी मूर्तियों को रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए है। साथ ही पर्यावरण के अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने की आवश्यकता को बढ़ावा दे रहे हैं।

## उधारी रकम के लेने-देने को लेकर ग्राम जीरापाली में अधेड़ व्यक्ति की हत्या

» **हत्या के बाद जंगल में छिपे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**रायगढ़।** दिनांक 20/08/2021 को डोंगरीपाली थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र एसैया एवं हमराह स्टाफ द्वारा ग्राम जीरापाली में बीते रोज अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर नरेशनगर जीरापाली के जंगल में छिपे आरोपी को जंगल से हिरासत में लेकर थाना लाया गया, जिसे हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 19/08/2021 के दोपहर डायल 112 से मारपीट के मिले इंवेट पर डोंगरीपाली राइनो घटनाग्राम नरेशनगर जीरापाली पहुंची, जहां गांव के महादेव बरिहा को महेन्द्र बरिहा डंडे से सिर में मारकर गंभीर चोट पहुंचाया था। डॉयल 112 स्टाफ



आहत को उपचार कराने सीएचसी बरमकेला ले गये जहां डांक्टर चेक कर महादेव बरिहा को फौत हो जाना बताया।

घटना के संबंध में मृतक महादेव बरिहा पिता लालो बरिहा उम्र 40 वर्ष की लडकी वृन्दावती बरिहा बताई कि दिनांक 19/08/21 के करीब 11/30 बजे गांव का महेन्द्र बरिहा घर पिता जी को बुलाने आया था और दोनों महेन्द्र बरिहा के मोटर सायकल में बैठकर कहीं गये थे और करीबन 1 घंटा बाद दोंनो वापस आये और घर के सामने गली में किसी बात पर झगड़ा हो रहे थे तो बाहर निकल कर देखी महेन्द्र बरिहा और पिता जी (महादेव बरिहा) को बांस के डंडा से सिर के पीछे, कान के पास मारा जिससे पिता जी वहीं पर गिर गये। उसके बाद महेन्द्र बरिहा जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी डोंगरीपाली घटनास्थल पहुंची। मृतक के वारिसानों का बयान लेकर फरार आरोपी की पतासाजी में पुलिस पार्टी जंगल पर खोजबीन की और आरोपी महेन्द्र बरिहा पिता पीला बरिहा उम्र 42 साल निवासी नरेशनगर जीरापाली थाना डोंगरीपाली को हिरासत में लेकर थाना लाई। आरोपी महेन्द्र बरिहा बताया कि करीब 6-7 माह पहले महादेव बरिहा (मृतक) को 10,000 रूपये उधार दिया था जिसे महादेव लौटा ही नहीं रहा था, बार-बार रूपये मांग कर थक गया था। दिनांक 19/08/2021 के दोपहर भी महादेव से उधारी रूपये वापस मांगा तो महादेव नहीं दूंगा बोला, तो डंडे से पीटकर उसकी हत्या कर दिया। आरोपी से बांस का डंडा जप्त कर अप.क्र. 67/2021 धारा 302 आईपीसी में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## पेपर लिक होने से बीएससी नर्सिंग के सभी पेपर रद्द, आयुष विश्वविद्यालय ने जारी किए आदेश

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में बीएससी नर्सिंग के सभी पेपर रद्द कर दिए गए हैं, आयुष विश्वविद्यालय ने इस सम्बंध में आदेश जारी किया है। परीक्षा रद्द करने के पीछे पेपर लीक होना बताया जा रहा है, पूर्व में हुई परीक्षाएं भी रद्द कर दी गई हैं। पोस्ट बेसिक और एमएससी नर्सिंग की परीक्षा जारी रहेंगी। कोरोना काल के बाद जैसे-तैसे क्कस्ष्ट नर्सिंग की परीक्षा का आयोजन किया गया था। अब वह भी रद्द हो गई। शुक्रवार को अचानक एग्जाम कैंसिल करने का आदेश जारी कर दिया गया। आयुष यूनिवर्सिटी की तरफ से यह आदेश जारी किया




गया है। अब स्टूडेंट्स में बड़ी निराशा है। यूनिवर्सिटी की तरफसे कहा गया है कि एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग के एग्जाम पहली की तरह होते रहेंगे। फिलहाल बीएससी नर्सिंग पर लगाई गई रोक जारी रहेगी। परीक्षा कब होगी, आगे नया शेड्यूल क्या होगा, फिलहाल आयुष यूनिवर्सिटी की तरफसे तय नहीं किया गया है।

## खाना बनाने के विवाद पर दोस्त ने कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर उरला थाना इलाके में आज सुबह एक युवक को उसके साथी ने ह?थौड़ा से मार कर हत्या कर दिया।

पुलिस के मुताबिक रंजीत महिलांगे 22 साल, बालाराम कुर्रे 23 साल और 19 साल का आकाश घृतलहरे बिलासपुर के बिल्हा इलाके के उमरिया गांव से रायपुर काम की तलाश में आए थे। उरला इलाके की कुछ फैक्ट्रियों में यह तीनों काम करने लगे और एक ही साथ एक कमरा किराए पर लेकर रहा करते थे।गुरुवार की शाम आकाश और रंजीत के बीच खाना बनाने की बात को लेकर विवाद हुआ। आकाश ने दोस्तों को समझाया और खुद खाना बना कर खिलाया। तब जैसे तैसे झगड़ा शांत हो चुका था। काम करने आकाश फैक्ट्री चला गया। उसकी नाइट शिफ्ट थी। कमरे पर रंजीत और बालाराम कुर्रे थे सुबह जब आकाश काम से लौटा तो उसने देखा कि कमरे में रंजीत की लाश पड़ी हुई है। कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था, जैसे दो लोगों के बीच जबरदस्त हाथापाई हुई हो। जमीन पर खून था। उसने फौरन उरला पुलिस स्टेशन में इस बात की खबर दी। मौके पर पुलिस पहुंची तो आकाश ने बालाराम के साथ रंजीत की लड़ाई की बात बताई। आसपास के इलाके में छानबीन के दौरान बालाराम एक कैंटीन में बैठा मिला। उसने बताया कि आपसी झगड़े की वजह से बदला लेने की नीयत से उसने हथौड़ा मारकर हत्या की है।

आकाश ने बताया कि उमरिया गांव में रंजीत उसके पिता शत्रुघ्न खेतों में मजदूरी करने का काम करते थे। लॉकडाउन और कोरोना की वजह से उपजे आर्थिक हालातों के कारण रंजीत ने रायपुर जाकर काम करने की सोची। आकाश ही उसे अपने साथ लेकर लगभग 1 महीने पहले रायपुर आया था। करीब 500 रोजी के काम से रंजीत खुश था और अपने घर पर रुपए भी भेजा करता था। परिवार को बेटे से आर्थिक मदद मिल रही थी। लेकिन अब बुढ़ापे का सहारा छिन जाने से पिता परेशान हैं, उन्होंने पुलिस से इस मामले में बालाराम के खिलाफ

## इंदिरानगर में पकड़े गये चोर से टुल्लु पंप, कटर मशीन, ड्रील मशीन, पाईप व छड़ जब्त

**रायगढ़।** दिनांक 19/08/2021 के शाम ठेकेदार सुनील श्रीवास्तव कोतरारोड़ रायगढ़ थाना कोतवाली आकर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर को इंदिरानगर के गोदाम से अज्ञात चोर गोदाम का ताला तोड़कर अंदर रखा टुल्लु पंप, कटर मशीन, ड्रील मशीन, पाईप, छड के टुकडे को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि केशर परिसर इंदिरा नगर रायगढ में भवन निर्माण का कार्य चल रहा है, जहां इसके द्वारा गोदाम बनाया गया है। 6 अगस्त को काम बंद होने के बाद गोदाम में ताला लगाए थे। 9 अगस्त को गोदाम जाने पर जानकारी हुई। थाना प्रभारी द्वारा इंदिरानगर के बीट आरक्षक एवं



सूचना संकलन में लगे स्टाफ को मुखबिरों से जानकारी लेकर अवगत कराने निर्देशित किये। मुखबिर द्वारा इंदिरानगर के मंगलू उरांव पर गोदाम से चोरी कर माल घर में छिपाकर रखने की सूचना दिया। थाना प्रभारी नागर स्वयं स्टाफ के साथ संदेही के घर दबिश दिये। संदेही के घर पर एक ड्रील मशीन मिला जिसके संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर आरोपी गोदाम में चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी के मेमोरंडम पर 1 एचपी का टुल्लु पंप, कटर मशीन, ड्रील मशीन, पाईप, छड के टुकडे कीमती करीब 20,000 रुपए बरामद किया गया है। आरोपी मंगलू उरांव पिता ननकी उरांव उम्र 24 साल निवासी इंदिरानगर थाना कोतवाली रायगढ़ को घटना के संबंध में दर्ज अपराध क्रमांक 1170/2021 धारा 457, 380 आईपीसी में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के हमराह सहायक उप निरीक्षक प्रेमसाय भगत, आरक्षक हेम प्रकाश सोन, उत्तम सारथी की आरोपी पतासाजी, माल बरामदगी में अहम भूमिका थी। क्षेत्र में महिला संबंधी घटित अपराध, जुआ, शराब, कबाड़ पर जिस पर कोतवाली पुलिस कार्रवाई कर रही है, इससे असमाजिक लोगों में दहशत का माहौल है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480